<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 अगस्त 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में रोजगार मेले का किया शुभारंभ और युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा–पिछले सात वर्षों में प्रदेश ने बदला है अपना परसेप्शन ।
- उनहत्तर हजार शिक्षक भर्ती प्रकरण में न्यायिक निर्णयों को ध्यान में रख कार्रवाई करेगी सरकार, मुख्यमंत्री ने कहा–किसी भी अभ्यर्थी के साथ नहीं होगा अन्याय ।
- बुलंदशहर सड़क दुर्घटना की होगी मजिस्ट्रेटियल जांच, मृतकों के परिजनों और घायलों को दी जाएगी सहायता राशि ।
- देश भर में आज मनाया जा रहा है भाई बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय में कल वृहद रोजगार मेले का उद्‌घाटन किया और युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने तीस करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और 48 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 3415 छात्र छात्राओं को टैबलेट भी वितरित किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी उन्मूलन,युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना,अन्नदाता किसानों की समृद्धि और महिलाओं का सशक्तिकरण शासन की प्राथमिकता है।

***पिछले सात वर्ष में प्रदेश ने अपना परशेप्सन बदला है। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा और कानून व्यवस्था का तो मॉडल बना ही है, देश के अंदर निवेष का ड्रीम डस्टिनेशन के रूप में उभर कर दुनिया भर के निवेश को अपने यहां आकर्शित करने में सफल हुआ है। प्रदेश में जो निवेश आ रहा है उसका परिणाम यह है कि हमने लाखों नौजवानों को नौकरी उनके गांव, उनके घर में देने में सफलता प्राप्त की है। एक करोड़ 62 लाख से अधिक नौजवान इस निवेश के माध्यम से अब तक नौकरी और रोजगार प्राप्त किये हैं। स्वरोजगार के लिये वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान और पीएम विश्वकर्मा की योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम स्वरोजगार योजना जैसी तमाम योजनाओं के साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में भी आर्थिक स्वावलम्बन का मार्ग प्रशस्त किया है।***

मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित स्मृति शेष अधिवक्ताओं के आश्रितों को सहायता राशि वितरण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में अधिवक्ता बंधुओं के साथ खड़ी है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और मुख्यमंत्री द्वारा इस कार्यक्रम में पांच सौ सतहत्तर अधिवक्ताओं के आश्रितों को अट्ठाइस करोड़ इकतीस लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का प्रदेश के विभिन्न जिलों में सीधा प्रसारण भी किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार का स्पष्ट मत है कि संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के लाभार्थियों को प्राप्त होना ही चाहिए। किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि उनहत्तर हजार शिक्षक भर्ती प्रकरण में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा न्यायालय के निर्णय के सभी तथ्यों से उन्हें अवगत कराया गया है। उन्होंने न्यायिक निर्णयों के अनुसार विभाग को कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह उत्तरप्रदेश सरकार को उनहत्तर हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती से संबंधित नई चयन–सूची तीन महीने के भीतर जारी करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने जून–दो हजार बीस और जनवरी–दो हजार बाइस में जारी छः हजार आठ सौ उम्मीदवारों की चयन–सूची को रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी और बृजराज सिंह की पीठ ने नब्बे विशेष याचिकाओं पर यह फैसला सुनाते हुए कहा था कि नई चयन सूची से प्रभावित होने वाले सहायक शिक्षकों को मौजूदा शिक्षा–सत्र को पूरा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि आरक्षित श्रेणी के जो उम्मीदवार सामान्य श्रेणी में रखे जा सकते हैं, उन्हें रखा जाना चाहिए।

**********

दिल्ली–मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम–आरआरटीएस का मेरठ साउथ स्टेशन, कल से यात्रियों के लिए खोल दिया गया। इसके साथ ही इस कॉरिडोर पर स्टेशनों की संख्या नौ हो गई है जिनकी लम्बाई 42 किलोमीटर है। इस मार्ग पर नमो भारत ट्रेनें सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध हैं। मेरठ साउथ से रैपिड नमो भारत ट्रेन सेवा शुरू होने से यात्री लगभग तीस मिनट में साहिबाबाद पहुँच सकेंगे। आरआरटीएस ट्रेनों के अलावा यह स्टेशन मेरठ क्षेत्र के लिए स्थानीय मेट्रो सेवाएं भी प्रदान करेगा। प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेन्द्र तोमर ने मेरठ वासियों को बधाई दी।

*मैं सबसे पहले मेरठ के सभी सम्मानित नागरिकों को इसके लिये बधाई और शुभकामनाएं दूंगा और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी का धन्यवाद करूंगा। जो लोग हमारे दिल्ली नौकरी करने के लिये जाते है या व्यापार करने के लिये जाते हैं, उनके लिये ये संजीवनी का काम करेगी और लोगों को आने जाने में बहुत सुविधा उपलब्ध होगी।*

**********

प्रदेश सरकार ने बुलंदशहर जिले के सलेमपुर थानाक्षेत्र में कल हुई सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रेटियल जांच के आदेश दिये हैं। एडीएम प्रशासन को जांच के लिए मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। यह जानकारी जिले के प्रभारी मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना के मृतकों के परिजनों के लिए दो दो लाख रुपए और घायलों को पचास पचास हजार रुपये देने की घोषणा की है। प्रभारी मंत्री ने कल देर रात बुलंदशहर जिला अस्पताल पहुंच कर दुर्घटना के शिकार लोगों और उनके परिजनों से मुलाकात की।

बुलंदशहर जिले के सलेमपुर थानाक्षेत्र में कल एक यात्री बस और पिकप की आमने सामने हुई टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब तीन दर्जन लोग घायल है। वहां के जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि पिकप गाड़ी गाजियाबाद से आ रही थी और यात्री बस बुलंदशहर की तरफ जा रही थी। गाजियाबाद की एक ब्रेड कम्पनी में कार्यरत मजदूर रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिये गाजियाबाद से पिकप में सवार होकर अलीगढ़ जिले के रायपुर गांव जा रहे थे। मृतकों में कुछ लोग संभल और कुछ अलीगढ़ जिले के रहने वाले थे।

प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने भी कल बुलंदशहर के जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

**********

आज पूरे देश में भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर कल लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार भाई–बहन के बीच परस्पर विश्वास और प्रेम को सशक्त बनाता है। प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि राखी का धागा न केवल भाई–बहन के रिश्ते की पवित्रता का प्रतीक है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिये भी एक प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्व की बधाई देते हुए कहा है कि यह पर्व सभी के जीवन में सौभाग्य लाए, सद्‌भाव, सौहार्द व सहयोग की भावना और अधिक सशक्त हो, प्रभु श्रीराम से यही कामना है।

पर्व को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस साल भी प्रदेश सरकार की तरफ से कल रात बारह बजे से लेकर आज रात बारह बजे तक रोडवेज बस सेवाएं और सिटी बस सेवाएं महिलाओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं।

अयोध्या जिले में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के लिए भी यह रक्षाबंधन काफी खास होगा। वहां के श्रृंगी ऋषी आश्रम में रहने वाली महिलाएं वर्षों से भगवान राम और उनके भाइयों की बड़ी बहन शांता की भूमिका निभाती रही हैं।

इस बार भी उनके द्वारा तैयार जरी और मोतियों से बनी राखी अपराह्न एक बजकर तीस मिनट पर सभी विग्रहों पर बांधी जाएगी। वहां के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास को यह राखियां कल ही समर्पित कर दी गयीं।

मथुरा जिले के वृंदावन स्थित ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भी रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाता है। वहां देश विदेश से भक्तों द्वारा भेजी गयीं राखियां ठाकुर बांके बिहारी को समर्पित की जाएंगी।

**********

आज विश्व संस्कृत दिवस है। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा है कि संस्कृत, साहित्य, दर्शन और विज्ञान का अनमोल भंडार है।

**********